दिनांक : 09.04.2045 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को मध्यप्रदेश आएंगे, अशोक नगर जिले के श्री आनंदपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा।
- 1 मई से 15 जून तक स्कूलों में रहेगी गर्मी की छुट्टी, शिक्षकों को मिलेगा एक महीने का अवकाश।
- मानवाधिकार आयोग ने देश भर के जेलों में कैदियों के सामने आने वाली कठिनाइयों की जानकारी मांगी।
- भोपाल सहित कई शहरों में पारा 41 डिग्री के पार, लू की चेतावनी भी जारी।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को मध्यप्रदेश आएंगे। श्री मोदी अशोक नगर जिले के श्री आनंदपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। धाम में वैशाखी मेले में लगभग 20 हजार श्रद्धालु भागीदारी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा ग्वालियर संभाग के कमिश्नर, आईजी सहित वरिष्ठ अधिकारियों और कलेक्टर, एसपी अशोक नगर से चर्चा कर प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने श्री मोदी के दौरे को महत्वपूर्ण बताया है.

स्कूल अवकाश

प्रदेश सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्कूलों में दशहरा, दीपावली, ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन अवकाश की तिथियों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष छात्रों के लिए 1 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा, जबकि शिक्षकों के लिए यह अवकाश 1 मई से 31 मई तक निर्धारित किया गया है। वहीं, 1 अक्टूबर से 3 अक्टूबर तक छात्रों एवं शिक्षकों-दोनों के लिए दशहरा अवकाश रहेगा और 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक दीपावली की छुट्टियां घोषित की गई हैं। साल के अंत में शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर से 4 जनवरी 2026 तक रहेगा।

पीएम- शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 का पारित होना सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक निजी मीडिया हाउस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि अब वक्फ की पवित्रता को संरक्षित किया जाएगा और हाशिए पर रहने वाले मुसलमानों, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी।

मूल्याकन गड़बड़ी-कारवाई

उच्च शिक्षा विभाग ने शहीद भगत सिंह शासकीय पीजी महाविद्यालय पिपरिया में विश्वविद्यालयीन उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद कार्रवाई की हैं। विभाग ने पिपरिया कालेज के प्रभारी प्राचार्य और एक प्राध्यापक को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा एक अतिथि विद्वान, एक बुक लिफ्टर और एक प्रयोगशाला परिचारक को सेवा से बर्खास्त करने का फैसला किया गया है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें विश्वविद्यालय का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कॉपी जांचता हुआ नजर आ रहा था।

एनएचआरसी- जेल मुद्दे

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग-एनएचआरसी ने देश भर के जेलों में कैदियों के सामने आने वाली विभिन्न कठिनाइयों का स्वतः संज्ञान लिया है। इनमें जेलों में क्षमता से अधिक कैदी होना, बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव शामिल है। इस संबंध में आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए नोटिस भी जारी किया है।

पीएम- वेव्स शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मनोरंजन, दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और आने वाले समय में इसका और विस्तार होगा। एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार अगले महीने मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन-वेव्स का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि वेव्स भारतीय कलाकारों को अपनी सामग्री बनाने और उसे वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए सशक्त बनाएगा।

प्रदेश-पदोन्नति

प्रदेश के चार लाख अधिकारी-कर्मचारियों को जल्द ही पदोन्नति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पदोन्नति में बनी बाधा को हटाने का रास्ता निकाल लिया है। जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा। कर्मचारियों को 8 साल से ज्यादा समय से पदोन्नति का इंतजार है।

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 30 अप्रैल 2016 को 'मप्र लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2002' की पदोन्नति में आरक्षण का प्रावधान खत्म कर दिया था। तभी से मध्य प्रदेश में पदोन्नति पर रोक लगी है।

आईपीएल-क्रिकेट

आईपीएल टी20 क्रिकेट में मेजबान पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 18 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने प्रियांश आर्या के 42 गेंदों पर 103 रन की मदद से 20 ओवर में 6 विकेट पर 219 रन बनाए। इसके जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स 20 ओवर में 5 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। आज अहमदाबाद में शाम 7ः30 बजे मेजबान गुजरात टाइटंस का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा।

मौसम

प्रदेश में गर्मी बढ़ती जा रही है। गुना, रतलाम-नर्मदापुरम में कल पारा 43 डिग्री के पार रहा। यहां लू भी चली। मौसम विभाग ने आज भी जबलपुर-ग्वालियर समेत 30 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। जबकि अशोकनगर, गुना, रतलाम, मंदसौर और नीमच में हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, भोपाल में कल 41 दशमलव 2 डिग्री, इंदौर में 41 दशमलव 1 डिग्री, ग्वालियर में 41 दशमलव 9 डिग्री और जबलपुर में 41 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। हालाँकि 11 और 12 अप्रैल को प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में मौसम बदल जाएगा। कहीं बादल छाए रहेंगे तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड-सेबी ने वित्तीय धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए अपनी संस्थाओं को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण-ट्राई द्वारा निर्धारित नवीनतम दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा है।
- भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए टीम का गठन कर दिया है।
- डिंडोरी के समनापुर में कल मंगल दिवस मनाकर राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर जन जागरूकता रैली का आयोजन भी हुआ।
- अनूपपुर जिले की एकमात्र मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला को राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड से मान्यता प्राप्त हो गई है। इससे किसानों को उनकी भूमि की गुणवत्ता की सटीक जानकारी समय पर मिलेगी.
- राजगढ़ जिले में आज युवा संगम रोजगार मेला, अपरेंटिस मेला एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन शासकीय आईटीआई में किया जाएगा।
- नीमच जिले में गर्मी को देखते हुए सभी विद्यालयों का नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के लिए शाला संचालन का समय प्रातः7 बजे से दोपहर 12 बजे तक नियत किया गया है।
- छतरपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आमजन को जल संरक्षण जागरूकता शपथ, जलाशयों में श्रमदान कर स्वच्छता कार्य सहित जल के महत्व पर जन चौपालों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।
- रायसेन में  मप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा औद्योगिक आपदा प्रबंधन विषय पर ओरिएंटेशन एवं समन्वय सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- खंडवा में सहजन कृषि उत्पादन संग्रहण प्रोसेसिंग तथा विपणन विषय पर दो दिवसीय जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया.
- मंडला जिले की क्रिकेट खिलाड़ी शुचि उपाध्याय को श्रीलंका में होने वाले त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए महिला भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है।

-------